Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 247 रायपुर, रविवार 29 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में 5 जवान घायल

जगदलपुर/बीजापुर, 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। नक्सलियों की कायरना करतूत सामने आई है. नक्सली मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बल के 5 जवान माओवादियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी ब्लास्ट होने से घायल हो गए हैं. घायल जवानों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है. इस घटना की पुष्टि बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने की है.

जवान एरिया डोमिनेशन के लिए क्षेत्र में निकले थे

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के चिन्नागेलूर कैम्प से सीआरपीएफ के जवान एरिया डोमिनेशन के लिए क्षेत्र में निकले थे. इस दौरान कैम्प से करीब 350 मीटर की दूरी पर माओवादियों द्वारा प्लांट आईईडी बम ब्लास्ट हो गया, जिससे 5 जवान उसकी चपेट में आ गए. अन्य साथी जवानों ने घायल जवानों की नजदीकी कैम्प पहुंचाया. बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रवाना किया जा रहा है. सीआरपीएफ 153 वीं बटालियन के जवान एसी साकेत, ईस्पेक्टर संजय, सिटी/डीएच पवन कल्याण, सिटी/ जीडी लोचन मोहता और सीटी/जीडी डुले राजेन्द्र घायल हुए हैं. बताया जा रहा है कि सभी जवान खतरे से बाहर हैं.

चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में चार नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चार नक्सलियों माड़वी भीमा (20), माड़वी सुक्का (32), कवासी बुधरा (25) और कुंजाम मुया (25) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा और बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है।अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर पुलिस दल की रेकी कर हमला करने, पुलिस दल के आने-जाने वाले मार्गों पर बम लगाने, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने तथा शासन के खिलाफ बैनर पोस्टर लगाने की घटना में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 'छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति' के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

बस ट्रेलर से टकराई, 16 यात्री घायल, ड्राइवर की मौत

बिलासपुर में हुआ हादसा

बिलासपुर, 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर में तेज रफ्तार यात्री बस ट्रेलर से टकरा गई, जिससे बस ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में 16 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 2 को गंभीर स्थिति में सिम्स अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा तड़के 4 बजे धौराभाटा के पास हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम घनश्याम चौहान है। बताया जा रहा है कि बस यात्रियों के गया, बिहार से लेकर रायपुर आ रही थी। इस दौरान धौराभाटा के पास ब्रेकडाउन हुआ और हादसा हो गया।

बताया जा रहा है कि घायलों को सरगांव और बिल्हा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। बस में सवार यात्रियों का कहना है कि अचानक ब्रेक फेल होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और बस ट्रेलर से टकरा गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

ब्रेकिंग न्यूज

बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में खेलते समय चार से आठ साल के तीन चचेरे भाइयों की शनिवार कोडूबने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर कोलारस थाना क्षेत्र के पडोरा गांव के बाहरी इलाके में हुई।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीओपी) विजय यादव ने बताया कि चचेरे भाई नीरज (8), संजय (6) और वीर (4) दोस्तों के साथ पानी से भरे गड्ढे में खेल रहे थे, तभी वे डूबने लगे। उन्होंने बताया कि अन्य बच्चों द्वारा सतर्क किए जाने के बाद, ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तीनों लड़कों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक चचेरे भाइयों की मौत हो चुकी थी।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े पांच बजे शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि शुरू में गोलीबारी कुछ देर तक चली लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया।

नेपाल से छोड़ा गया पानी, बिहार में बाढ़ का संकट और गहराया

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बिहार के कई इलाकों में बाढ़ की स्तिथि और खराब होने की संभावना बढ़ गयी है, जिसको लेकर सरकार ने रविवार को चेतावनी भी जारी कर दी है। जल संसाधन विभाग ने एक बयान जारी कर लोगों से सतर्क रहने को कहा है। बयान में विभाग ने कहा है कि नेपाल में भारी वर्षा के कारण आज सुबह पांच बजे कोसी बैराज वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। बता दें, कोसी बैराज वीरपुर से इतना पानी छोड़े जाने से राज्य के उन 13 जिलों की स्थिति खराब होने का संकट और गहरा गया है, जो भारी बारिश के कारण पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं। इससे 16.28 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

महापौर व पार्षद निधि अभी तक नहीं हुई जारी, नगरीय निकाय मंत्री से मुलाकात

रायपुर, 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर के महापौर एजाज ढेबर सहित आज कांग्रेस के पार्षदों ने नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात की एवं वार्ड के विकास के लिए निधि की मांग की महापौर एजाज ढेबर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनकी परिषद ने नगरी प्रशासन मंत्री से मुलाकात की एवं महापौर निधि एवं पार्षद निधि जल्द जारी करने की मांग की उन्होंने बताया कि भाजपा पार्षदों के वार्डों में 50-50 लख रुपए के लगभग के विकास कार्य के लिए निधि दिए गए हैं जबकि कांग्रेसी पार्षदों के पार्षद निधि भी जारी नहीं किए गए हैं इसके साथ ही महापौर निधि भी जारी नहीं की गई है उन्होंने बताया कि विकास कार्यों में पक्षपात करना उचित नहीं है उन्होंने भाजपा पार्षदों के क्षेत्र में महापौर रहते हुए 25 करोड रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए हैं आज स्थिति यह है कि कई जगहों पर शहर में लाइट बंद है उसके लिए भी व्यवस्था नहीं हो पा रही है.उन्होंने कहा कि शहर के कई स्थान ऐसे हैं जहां 60 फीट के चौड़े रोड है वहां कम वोल्टेज का लाइट लगा हुआ है जिससे इन क्षेत्रों में लोगों को आवाजाही मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि रायपुर शहर के विकास के लिए पक्षपात उचित नहीं है सभी पार्षदों को समान निधि उपलब्ध कराई जाए ताकि विकास का कार्य सुचारू रूप से हो सके कई वार्ड ऐसे हैं जहां विकास कार्यों की आवश्यकता साफ तौर पर नजर आती है पैसों की कमी के चलते वार्डों में विभिन्न कार्य अधूरे पड़े हैं ऐसे में रायपुर शहर को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री से निवेदन किया कि जल्द से जल्द विकास कार्यों के लिए निधि जारी की जाए।

■ कांग्रेस पार्षदों से पक्षपात का आरोप

पहली बार भारतीय सेना के हथियारों की लगेगी प्रदर्शनी

रायपुर, 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी में भारतीय सेना की ओर से 5 और 6 अक्टूबर को रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में नो योर आर्मी मेला का आयोजन किया गया है. इसके लिए भारतीय सेना के जवान आज रायपुर पहुंचे. कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जवानों का स्वागत किया.

बता दें कि प्रदेश में होने वाला यह अनोखा आयोजन है, जिससे आम जनता को करीब से सेना के बारे में जानने का मौका मिलेगा. कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के कमांडोज अपने अद्भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे, जिसे स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भी देख सकेंगे. इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन होगा, जिसमे टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स एवं एयर डिफेन्स गन्स शामिल होंगी. साथ ही कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के कमांडोज अपने अद्भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे, जिसमे कमांडोज द्वारा हवाई जहाज से पैरा जम्प एवं स्लिदरिंग का भी रोमांचक प्रदर्शन किया जाएगा. 05 अक्टूबर की संध्या सेना के बैंड्स द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें जबलपुर एवं वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स की प्रतिभागिता होगी.

सेना के बारे में करीब से जानने का मिलेगा मौका

राष्ट्रपति ने हैदराबाद में भारतीय कला महोत्सव का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति निलयम में भारतीय कला महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया। आठ दिवसीय कला महोत्सव में पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की कला, संस्कृति, शिल्प और पाक विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा।

मुर्मू ने इस अवसर पर कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों की सांस्कृतिक विविधता, संगीत, कला और पारंपरिक पोशाक देश की विरासत हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव देशवासियों को क्षेत्र की परंपराओं और समुदायों से परिचित कराने का एक प्रयास है। मुर्मू ने विश्वास जाहिर किया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम देश के पूर्वोत्तर और दक्षिण राज्यों के बीच सेतु का काम करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले आठ दिनों में कई लोग महोत्सव में आएंगे और पूर्वोत्तर की संस्कृति से जुड़ेंगे। यह आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है। मुर्मू ने कहा कि पूर्वोत्तर के लोग अपने आतिथ्य, कड़ी मेहनत और उत्साह के लिए जाने जाते हैं।

छग में नहीं थम रहा सियार का आतंक, अब तक 15 से अधिक ग्रामीणों को बना चुका है निशाना

लोरमी, 29 सितंबर (हाईवे चैनल)। खुड़िया के बाद अब सियार का आतंक एटीआर इलाके में देखा जा रहा है। दरअसल, सियार के हमले से 6 लोग घायल हुए हैं, जिस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दो दिनों में 6 से अधिक लोगों को रेबीज संक्रमित सियार ने अपना निशाना बनाया है। घायलों में दो छोटे-छोटे बच्चे सहित महिला और पुरुष शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार रेबीज संक्रमित सियार के हमले से मंजुरहा वनगांव में आज चार लोग घायल हो गए, जिनका उपचार लोरमी के 50 बिस्तर सामुदायिक अस्पताल में किया गया। अब तक खुड़िया इलाके सहित एटीआर क्षेत्र में करीब 15 से अधिक लोगों को सियार ने हमला कर घायल किया है, जिनका उपचार भी वन विभाग ने कराया है। इस घटना के बाद से एटीआर क्षेत्र के मंजुरहा सहित अन्य इलाकों में ग्रामीण दहशत के साए में जी रहे हैं। दरअसल, सियार किसी भी वक्त ग्रामीणों पर हमला कर दे रहा है। इनके हमले से ग्रामीणों में भय है।

सियार के हमले से अब तक 15 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। सूत्रों की जानकारी अनुसार, अभी सियार का मेटिंग सीजन चल रहा है, जिसमें मेल ज्यादा और फीमेल कम रहती हैं। इस दौरान सियार के बीच आपस में लड़ाई के बाद रेबीज आपस में फैल जाता है, जिसके चलते यह घटना अभी हो रही है। वहीं, इस घटना को लेकर ऊक्रके एसडीओ मानवेंद्र कुमार मारकंडे ने बताया कि इन दो दिनों में 6 लोगों को रेबीज संक्रमित सियार ने अपना निशाना बनाया है, जिनके हमले से पीड़ित ग्रामीणों का उपचार लोरमी के सामुदायिक अस्पताल में कराया गया है। साथ ही उन्होंने एटीआर इलाके के ग्रामीणों को सतर्क रहने की बात कही है। रात में घर से बाहर निकलने पर बच्चों का ध्यान रखते हुए लाठी और हाथ में टॉर्च लेकर बाहर निकलने की अपील की है।

देश और समाज की सेवा करने का जज्बा अतुलनीय : मोदी

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने' मन की बात' कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार। 'मन की बात' में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है। आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात'% का प्रारंभ 3 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है, कि इस साल 3 अक्तूबर को जब' मन की बात'के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा।

उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता। 'मन की बात' के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। 'मन की बात'के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। आमतौर पर एक धारणा ऐसी घर कर गई है कि जब तक चटपटी बातें न हो, नकारात्मक बातें न हो तब तक उसको ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती है।

चकोर पक्षी का किया जिक्र- पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें, प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण, हौसला देने वाली गाथाएं, लोगों को बहुत पसंद आती हैं। जैसे एक पक्षी होता है चकोर, जिसके बारे में कहा जाता है कि वो सिर्फ वर्षा की बूंद ही पीता है। 'मन की बात' में हमने देखा कि लोग भी चकोर पक्षी की तरह देश की उपलब्धियों को, लोगों की सामूहिक उपलब्धियों को, कितने गर्व से सुनते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की 10 वर्ष की यात्रा ने एक ऐसी माला तैयार की है, जिसमें हर कार्यक्रम के साथ नई गाथाएं, नए कीर्तिमान, नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं। हमारे समाज में सामूहिकता की भावना के साथ जो भी काम हो रहा हो, उन्हें 'मन की बात' के द्वारा सम्मान मिलता है। मेरा मन भी तभी गर्व से भर जाता है, जब मैं %मन की बात% के लिए आई चिट्ठियों को पढ़ता हूं।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है। वो लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर देते हैं। उनके बारे में जानकार मैं ऊर्जा से भर जाता हूं। मन की बात' की ये पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है, जैसे मंदिर जा करके ईश्वर के दर्शन करना।

दूरदर्शन, प्रसार भारती और ऑल इंडिया रेडियो की सराहना की- पीएम मोदी ने कहा, %मैं आज दूरदर्शन, प्रसार भारती और ऑल इंडिया रेडियो से जुड़े सभी लोगों की भी सराहना करूंगा। उनके अथक प्रयासों से %मन की बात% इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुंचा है। मैं विभिन्न टीवी चैनल्स को, रीजनल टीवी चैनल्स का भी आभारी हूं, जिन्होंनें लगातार इसे दिखाया है।

■ 'मन की बात' अमेरिका से वापस मिलीं कलाकृतियों से लेकर 'एक पेड़ मां के नाम'